# मेडिकल नशे का विरोध करने पहुंचे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां

## कोरेक्स की खाली शीशियां लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे थे एनएसयूआई कार्यकर्ता

**रीवा, 21 अगस्त, रीवा जिले में मेडिकल नशे की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है. विशेषकर कोरेक्स जैसी नशीली दवाओं के माध्यम से जिले के युवा बड़ी संख्या में इस जानलेवा लत की गिरफ्त में आते जा रहे हैं. मेडिकल नशे का विरोध करने कोरेक्स की खाली सीसियां लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर सीएसपी सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने जमकर लाठियां बरसाईं. जिसके बाद वहा भगदड़ की स्थित निर्मित हो गई और कई कार्यकर्ता घायल भी हो गये.**





भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश सचिव के नेतृत्व में एन.एस.यू.आई. कार्यकर्ताओं ने कोरेक्स की खाली सीसियां लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय रीवा पहुँचकर ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया. लेकिन वहाँ पर मौजूद रीवा सी.एस.पी. राजीव पाठक ने बर्बरतापूर्वक एन.एस.यू.आई. कार्यकर्ताओं पर लाठियाँ बरसा दीं. जिसके बाद वहा मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने भी कार्यकर्ताओं पर लाठी भांजी. जिससे कार्यकर्ताओं में भगदड़ मच गई. प्रदेश सचिव रवि सुमित सिंह ने कहा कि जय स्तम्भ चौक और कबाड़ी मोहल्ला शहर का हृदय स्थल है. यहाँ से मात्र 500 मीटर से 1 किलोमीटर के दायरे में सिविल लाइन थाना, महिला थाना, पुलिस कंट्रोल रूम, जिला मुख्यालय, न्यायालय, आईजी कार्यालय, भाजपा कार्यालय तक मौजूद हैं. इतने बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक प्रतिष्ठानों के बावजूद अगर खुलेआम नशे का धंधा फल-फूल रहा है, तो यह न केवल शर्मनाक है बल्कि पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है. उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग नशे के खिलाफ आवाज उठाते हैं और समाज सुधार की लड़ाई लड़ते हैं, उन्हीं पर पुलिस लाठियाँ बरसा रही है.

### पुलिस प्रशासन का कृत्य लोकतंत्र के लिए निंदनीय

पुलिस प्रशासन का हालिया कृत्य लोकतंत्र के लिए अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है. जहाँ एक ओर भाजपा से जुड़े असामाजिक तत्व थानों में घुसकर पुलिसकर्मियों का अपमान एवं उपद्रव करते हैं और पुलिस उनके सामने नतमस्तक होकर क्षमा याचना करती है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय छात्र संगठन एन एस यू आई के संघर्षशील कार्यकर्ताओं एवं छात्रों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करना रीवा पुलिस की दोहरी कार्यशैली को स्पष्ट रूप से दर्शाता है. जिला कांग्रेस कमेटी इस कृत्य की घोर निंदा करती है और दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करती है. अन्यथा सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा.

# एक युद्ध सड़क दुर्घटना के विरुद्ध तीन दिवसीय संघर्ष यात्रा आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अगस्त। जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। आए दिन हादसों में निर्दोष लोगों की जान जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन, अदाणी जैसी कंपनियाँ और स्थानीय सांसद, विधायक, जिपं सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच सब कुछ जानते हुए भी चुप बैठे हैं।**



जनता के गुस्से, दुख-दर्द को महसूस करते हुए संयुक्त संघर्ष मंच ने सड़क सुरक्षा को लेकर संघर्ष यात्रा की शुरुआत किया। यह तीन दिवसीय यात्रा परसौना, खुटार, रजमिलान से होते हुए गड़ाखांड तक पहुँची और प्रथम चरण पूर्ण किया। उपस्थित जिले का सक्षम अधिकारी को 8 सूत्रीय माँगपत्र सौंपा

संयुक्त संघर्ष मंच के अभियान प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि जिले में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, लेकिन यहां के जिला प्रशासन यहां के जनप्रतिनिधि और कंपनी के दलाल लोगों की जिंदगी की चंद कीमत तय कर देते है, तो आप सभी से आग्रह है की कीमत तय करना बंद करें। एक ठोस निर्णय लेकर वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि यहां की आम लोगों की जिंदगी बचाई जा सके। 8 सूत्रीय मांग में भारी वाहनों के लिए अलग स्थायी मार्ग का निर्माण। वर्तमान सड़कों की तत्काल मरम्मत और रखरखाव। हर सड़क पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था। कोयला ढुलाई की गति सीमा 20 किमी प्रति घंटा सहित अन्य मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौपा गया।

# अतिक्रमण पर कार्रवाई, नगर निगम ने रुकवाया निर्माण कार्य

**रीवा, 21 अगस्त,** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण कारियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है. गुरूवार को वार्ड के रहवासी द्वारा फोर्ड रोड में नाली के ऊपर निर्माण कर कब्जा किया जा रहा था जिसे अतिक्रमण दल द्वारा हटाये जाने की कार्रवाई की गई साथ ही हिदायत दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी. इसके अतिरिक्त नया बस स्टैण्ड सरदार पटेल तिराहा से लेकर शिल्पी कुंज मोड तक सड़क पटरी से ठेला वालों को हटाया गया.




स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पन्ना

डी फार्मा - योग्यता - 12वी (गणित/विज्ञान)

कॉलेज लेवल पंजीयन प्रारंभ

संपर्क करें:- मोबाइल- 7999404729, 8103282168


# नाबालिग के साथ हुई मारपीट वायरल हुआ विडियो

## आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**



**बघवार 21 अगस्त।जिले के पिपरावं चौकी अन्तर्गत भरतपुर में दिनदहाड़े एक नाबालिक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।**

ग्राम वासियों से मिली जानकारी के अनुसार खनिज माफिया शंकर कोरी के द्वारा नाबालिक लडके अजय कोरी की जमकर पिटाई की गई। बताया जा रहा है कि शंकर कोरी गिट्टी बालू का अवैध व्यापार करता है और जिससे पुलिस उसका पूरा संरक्षण करती है। पूरा मामला खनिज माफिया से जुड़ा हुआ है जिस कारण पिपराव चौकी पीड़ित के द्वारा जो आवेदन दिया गया है उसके अनुसार आरोपी पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई।नाबालिग का परिवार आरोपी से काफी डरा हुआ है। पीड़ित परिवार का कहना है कि शंकर कोरी आपराधिक प्रवृत्ति का खनिज माफिया है। वह आए दिन किसी न किसी के साथ गाली-गलौच व मारपीट की घटनाओं को अंजाम देता रहता है।

### इनका कहना है

नाबालिग के साथ हुई मारपीट के आरोपी शंकर लाल कोरी, निरंजन कोरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

**शेषमणि मिश्रा**
चौकी प्रभारी पिपरांव

# घर से बिना बताए नाबालिग गायब परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अगस्त। शासन चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिक पिछले दिन शाम से ही घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब परिजनों ने नाबालिक नाबालिक को गांव सहित रिश्तेदारों और परिचितों में तलाशने के बाद नहीं मिली तो शासन चौकी में गुमशुदगी दर्ज करवाई है।**

मिली जानकारी के अनुसार चाचर गांव निवासी रामसागर वैश्य ने शासन चौकी में शिकायत दर्ज कराई है कि वह खेत में काम करके शाम को घर लौटा तो नाबालिक बेटी कौशिक घर में नहीं मिली। वही घर में मौजूद बेटे ने बताया कि शाम से ही कौशिक घर में नहीं दिखी। चौकी प्रभारी ने बताया कि 15 वर्षीय नाबालिक बालिका घर से बिना बताए कही चली गई है। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बालिका की तलाश की जा रही है।

# विजेताओं को भेंट की राशि

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 21 अगस्त।** कृष्ण जन्म अष्टमी पर रामलीला मैदान में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता टीम के सदस्यों को आज कलेक्ट्रेट सभागार में सिंगरौली विधायक राम निवास शाह एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा 21-21 हजार रूपयें का चेक देकर सम्मानित किया गया। विधायक एवं कलेक्टर ने तीनों टीम के सदस्यों को विधायक फैंस क्लब 80 सिंगरौली, संजय सिंघम क्लब तियारा तथा प्लाजा क्लब बैढ़न के सदस्यों को चेक सौपकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित विजेता टीमो के सदस्य मौजूद रहे।



# मऊगंज में अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 21 अगस्त,** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रदीप कुमार सिंह अधिवक्ता को मध्य क्षेत्र का क्षेत्रीय संयोजक नियुक्त किए जाने के बाद प्रथम नगर आगमन पर अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह के इस मनोनयन पर मऊगंज अधिवक्ता संघ एवं अधिवक्तओं में खुशी की लहर है और उनके मऊगंज आगमन पर मऊगंज में अधिवक्ताओ ने स्वागत समारोह का आयोजन कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया.


सत्यमेव जयते भारत सरकार | भारतीय रेल INDIAN RAILWAYS | भा रा रा प्रा NHAI भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण




पश्चिम बंगाल की जनता को लगभग ₹5,200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

द्वारा

सियालदह-एस्प्लानेड सेक्शन (ग्रीन लाइन)
बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय सेक्शन (ऑरेंज लाइन)
नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर सेक्शन (येलो लाइन)
एवं
हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर सबवे

का उद्घाटन

सियालदह-एस्प्लानेड (ग्रीन लाइन)
बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय (ऑरेंज लाइन)
नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर (येलो लाइन)

मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

छह लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे, NH-12

का शिलान्यास

मुख्य विशेषताएं और लाभ

मेट्रो परियोजनाएं

ग्रीन लाइन (सियालदह-एस्प्लानेड)
लंबाई: 3 किमी | लागत: लगभग ₹1180 करोड़
- हावड़ा मैदान से साल्ट लेक सेक्टर V तक का अंतिम लिंक
- मेट्रो से हावड़ा और सियालदह तक का सफ़र 60 मिनट की जगह 11 मिनट में होगा पूरा
- बीबीडी बाग, एस्प्लेनेड और साल्ट लेक-न्यू टाउन में छात्रों और पेशेवरों के लिए बड़ी राहत

येलो लाइन (नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर)
लंबाई: 7 किमी | लागत: ₹1850 करोड़ से अधिक
- अब कोलकाता एयरपोर्ट सीधे मेट्रो नेटवर्क से जुड़ा
- हवाई अड्डे तक यात्रा का समय 1 घंटे से घटकर हुआ 30 मिनट
- दम दम कैंटोनमेंट में इंटरचेंज से शहर और उपनगरों तक आसान कनेक्टिविटी

ऑरेंज लाइन (बेलेघाटा- हेमंत मुखोपाध्याय )
लंबाई: 4 किमी | लागत: ₹875 करोड़
- न्यू गरिया से बेलेघाटा तक मोजूदा लाइन का विस्तार
- बेलेघाटा से कवि सुभाष तक की यात्रा अब केवल 23 मिनट में पूरी
- कोलकाता, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों के निवासियों को मिलेगा लाभ

हावड़ा स्टेशन पर नया सबवे
लागत: ₹50 करोड़ से अधिक
- मेट्रो और ईस्टर्न/साउथ-ईस्टर्न रेलवे के बीच सुविधापूर्ण इंटरचेंज
- समय की बचत और यात्रा में मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

विश्वस्तरीय स्टेशन और सुविधाएँ
- नए स्टेशन: वीआईपी बाज़ार, ऋत्विक घटक, बरुण सेनगुप्ता, बेलेघाटा, दमदम कैंटोनमेंट, जेसोर रोड, जय हिंद विमानबंदर
- आधुनिक सुविधाएँ: लिफ्ट, एस्केलेटर, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था

छह लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे (NH-12, लंबाई: 7 किमी, लागत: ₹1200 करोड़ से अधिक )
- यातायात जाम और वाहनों द्वारा कार्बन उत्सर्जन में कमी, वायु गुणवत्ता में सुधार
- डायमंड हार्बर, काकद्वीप और बक्खाली जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुँच आसान बनाकर पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा
- NH-16, NH-19, NH-116, NH-2E और NH-34 को जोड़ते हुए क्षेत्रीय यात्रा को सुगम बनाता है

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. सी.वी. आनंद बोस — राज्यपाल, पश्चिम बंगाल
ममता बनर्जी — मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
अश्विनी वैष्णव — केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
शांतनु ठाकुर — केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री
रवनीत सिंह — केंद्रीय रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
डॉ सुकांत मजूमदार — केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री
सुवेंदु अधिकारी — नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल विधानसभा
प्रो. सौगत रॉय — सांसद
समीक भट्टाचार्य — सांसद

दिनांक: 22 अगस्त, 2025 | स्थान: दम दम, कोलकाता, पश्चिम बंगाल | समय: अपराह्न: 4:30 बजे

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें /RailMinIndia


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99